प्रेस विज्ञप्ति

बिहार पुलिस मुख्यालय

दिनांक–03.07.2023

बिहार पुलिस मुख्यालय के अधीन कार्यरत सोशल मीडिया सेंटर का जून 2023 की उपलब्धि:–

- बिहार पुलिस मुख्यालय में कार्यरत सोशल मीडिया सेंटर 24X7 कार्यरत है। इसका मुख्य उद्देश्य आमजनों को सोशल मीडिया के माध्यम से बिहार पुलिस की आधिकारिक सूचना साझा करना एवं उनके समस्याओं एवं सुझावों को सुनना है।
- बिहार सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म (Twitter, Facebook, YouTube, Instagram) से **करीब 5,00,000 (पाँच लाख) फॉलोअर्स जुड़ चुके हैं।**
- युवाओं के Instagram के प्रति झुकाव को देखते हुए **माह जून में बिहार पुलिस की आधिकारिक Instagram Handle(biharpoliceofficial) की शुरूआत की गयी है।** इस पर मुख्य रूप से युवाओं को ध्यान में रखते हुए social/traffic awearness, police recruitment, cyber security से संबंधित कंटेंट पोस्ट किये जा रहे हैं।

सोशल मीडिया सेंटर का जून 2023 की उपलब्धि:–

- माह जून 2023 में बिहार पुलिस के **Twitter Handle के माध्यम से कुल–10,000 नये फॉलोअर्स जुड़े** साथ ही **24,000 से अधिक लोगों के द्वारा बिहार पुलिस को मेंशन करते हुए अपनी राय/सुझाव एवं समस्याओं से बिहार पुलिस को अवगत कराया गया।**
- विगत 06 महीने में ट्विटर पर लगभग 01 लाख से अधिक फॉलोअर्स (42.5 %) की वृद्धि हुई है।
- इसी प्रकार माह जून 2023 में बिहार पुलिस के **Facebook Page के माध्यम से कुल–8,300 से अधिक नये फॉलोअर्स जुड़े।**
- विगत 06 महीने में फेसबुक पर लगभग 74 हजार से अधिक फॉलोअर्स (170 %) की वृद्धि हुई है।
-
- माह जून 2023 में बिहार पुलिस के **Twitter Handle का Impression 3.8 मिलियन से अधिक रहा** है। अर्थात बिहार पुलिस के ट्विटर हैण्डल पर प्रसारित सामग्री को 38 लाख से अधिक लोगों द्वारा देखा गया जबकि बिहार पुलिस के **Facebook Page का Reach 8,00,000 (आठ लाख) से अधिक रहा है।**

- माह जून 2023 मे बिहार पुलिस के **Instagram Handle कि शुरूआत की गई और विगत 15 दिनो मे हीं बिहार पुलिस के Instagram Handle के माध्यम से कुल–16,100 नये फॉलोअर्स जुड़े। Instagram Handle का Reach 36,000 से अधिक रहा है।**
- उपरोक्त आँकड़ा(डाटा) से स्पष्ट है कि बिहार पुलिस के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हुई फॉलोअर्स की वृद्धि तथा उनके द्वारा दी गई प्रतिक्रियाएँ आमजनों के पुलिस के प्रति बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। बिहार पुलिस के सोशल मीडिया हैंडल एवं पेज से जुड़ने के लिए आप सभी का धन्यवाद।
- सभी से अनुरोध है कि किसी भी तरह की **अधिकारिक सूचना क लिए बिहार पुलिस के विभिन्न सोशल मीडिया हैंडल्स को फॉलो करें।**

xxxxxxxxxx